हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 207 कानपुर, सोमवार 25 जुलाई 2022 पृष्ठ :4 मूल्य : 2 रुपये

■ प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए निकाली गई रैली

## बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की दिल्ली में अहम बैठक, पीएम मोदी भी रहे मौजूद

भारतीय जनता पार्टी ने शीर्ष स्ध्तर पर 2024 के आम चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को दीन दयाल उपाध्ध्याय मार्ग स्थित मुख्ध्यालय पर भाजपा के मुख्ध्यमंत्री परिषद की बैठक हुई। भाजपा शासित सभी राज्ध्यों के मुख्ध्यमंत्री व उपमुख्ध्यमंत्री इसमें शरीक हुए। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस मीटिंग में शामिल हुए। उन्ध्होंने दो साल बाद प्रस्ध्तावित लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर मुख्ध्यमंत्रियों से फीडबैक लिया। सभी ब्डे को अपने—अपने राज्ध्यों में पार्टी को मजबूत करने के निर्देश मिले। इससे पहले, बनारस में 14 दिसंबर को इसी तरह की एक मीटिंग हुई थी। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर, त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा, मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह शामिल हुए। इसके अलावा कुछ अन्ध्य नेता भी बैठक में शरीक हुए। लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी का फोकस है कि केंद्र सरकार के कामों की जानकारी घर—घर तक पहुंचे।

केंद्र सरकार की स्कीम के लाभार्थियों से भी लगातार संपर्क रखा जाए। बीजेपी ने बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं से संवाद बनाने को भी कहा है। साथ ही बीजेपी नेता अपने मुख्यमंत्रियों से लगातार कहती रही है कि वह संगठन के कामों को भी उसी तरह करें जैसे वह सरकार के कामों को करते हैं।




## अमित शाह की देशवासियों से अपील, 13 से 15 अगस्त के बीच घरों पर फहराएं तिरंगा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को लोगों से अपील की कि वे केंद्र द्वारा मनाए जा रहे 'आजादी का अमृत महोत्सवश के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने घरों, दुकानों और कारखानों पर तिरंगा फहराएं। शाह ने अहमदाबाद के मणिपुर इलाके में आयोजित एक समारोह में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा घोषित इस कार्यक्रम का मकसद आजादी के बाद पिछले 75 साल में हुए देश के विकास को लेकर बच्चों एवं युवाओं के बीच जागरुकता फैलाना और उनमें देशभक्ति की भावना पैदा करना है। गांधीनगर सीट से लोकसभा सदस्य शाह ने गुजरात में अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण के तहत बोपल और घुमा इलाकों के लिए एक जलापूर्ति परियोजना का उद्घाटन किया। गुजरात में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि इससे 70,000 घरों में नर्मदा के शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 211 करोड़ रुपये की 11 विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।शाह ने इस मौके पर कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का मकसद भारत के युवाओं में देशभक्ति की भावना पैदा करना और देश की स्वतंत्रता की शताब्दी मनाने का समय आने तक उसे शीर्ष पर ले जाने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा, इस मुहिम का लक्ष्य हमारे ज्ञात एवं अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को याद करना और उन्हें श्रद्धांजलि देना है। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज डाकघरों, सहकारी समितियों, नगर निगमों और ई—कॉमर्स वेबसाइट एवं अन्य स्थानों पर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि आमजन को तिरंगा फहराना चाहिए और उसके साथ अपनी सेल्फी केंद्र सरकार की वेबसाइट पर पोस्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 13 से 15 अगस्त के बीच तीन दिवसीय अभियान के दौरान पूरे देश में 20 करोड़ तिरंगे फहराए जाएंगे। शाह ने अहमदाबाद के कालूपुर और साबरमती रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की भी बात की और कहा कि ये स्टेशन अगले पांच साल में भव्य दिखाई देंगे।

## जम्मू में बोले राजनाथ सिंह- चीन पर पंडित नेहरू की आलोचना नहीं करूंगा, नीति खराब हो सकती है नीयत नहीं

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को जम्मू—कश्मीर में भारतीय सेना के जवानों के बीच मौजूद रहे। करगिल विजय दिवस की वर्षगांठ मनाने जम्मू पहुंचे राजनाथ सिंह ने जम्मू में शहीदों परिवारों को सम्मानित किया। इस दौरान रक्षामंत्री ने गुलशन ग्राउंड में हुए एक कार्यक्रम में भारत द्वारा अब तक लड़े गए युद्धों और सैनिकों की वीरगाथा का विस्तार से जिक्र किया। हमारी सेना ने हमेशा देश के लिए यह सर्वोच्च बलिदान दिया है । 1999 के युद्ध में हमारे कई वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी, मैं उन्हें नमन करता हूं। राजनाथ सिंह ने 1962 में चीन से लड़े गए युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय पंडित जवाहर लाल नेहरू भारत के प्रधानमंत्री थे। रक्षामंत्री ने कहा कि बहुत सारे लोग जवाहर लाल नेहरू की आलोचना करते हैं। मैं एक विशेष राजनीतिक दल से आता हूं। लेकिन मैं पंडित नेहरू या किसी भारतीय प्रधानमंत्री की आलोचना नहीं कर सकता। मैं किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नीयत को गलत नहीं ठहरा सकता। उनकी नीति भले गलत रही हो, लेकिन नीयत नहीं। रक्षामंत्री ने अपने भाषण के दौरान कहा, पीओके पर पाकिस्तान का अनधिकृत क़ब्ज़ा है। भारत की संसद में इसे मुक्त कराने का एक सर्वसम्मत प्रस्ताव भी पारित है। शिव के स्वरूप बाबा अमरनाथ हमारे पास हैं, पर शक्ति स्वरूपा शारदा जी का धाम अभी स्व8 के उस पार ही है। उन्होंने कहा कि 1965 और 1971 की लड़ाई में बुरी तरह परास्त होने के बाद पाकिस्तान ने सीधे युद्ध का रास्ता छोड़ कर छद्म युद्ध का रास्ता पकड़ा।

लगभग दो दशकों से भी अधिक समय तक पाकिस्तान ने भारत को प्राक्सी वार में उलझाए रखा और वे



सोचते थे कि भारत को हजार घाव दे देंगे । इस मौके पर ब्रिगेडियर उस्मान और मेजर सोमनाथ शर्मा को याद करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, ब्रिगेडियर उस्मान को आज आजादी अमृत महोत्सव में बार—बार याद करने की जरूरत है। 1948 के युद्ध में इसी तरह मेजर सोमनाथ शर्मा का बलिदान भी स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। मेजर सोमनाथ शर्मा ने बहादुरी और बलिदान से जम्मू और कश्मीर को दुश्मनों के हाथों में जाने से बचाया। 1948 में पहली बार भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नापाक इरादों को नाकाम किया और आज जो जम्मू और कश्मीर का जो स्वरूप हम देख रहे है उसे बनाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है।

## बीजेपी में शामिल होंगे कुलदीप बिश्नोई, जेपी नड्डा और खट्टर से की मुलाकात

हरियाणा से निष्कासित कांग्रेस विधायक कुलदीप बिश्नोई ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। मुलाकातों की इस दौर के बाद उनके बीजेपी में शामिल होने की संभावना बढ़ गई है। इससे पहले जब कांग्रेस विधायक कुलदीप बिश्नोई को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा से सवाल पूछ गया था तो उन्होंने कहा था कि बगावत के बाद भी पार्टी बिश्नोई को बाहर नहीं निकालेगी। हुड्डा के मुताबिक, उन्हें खुद ही नैतिक जिम्मेदारी लेकर विधानसभा से इस्तीफा दे देना चाहिए।

हुड्डा ने कहा था, मैं उन्हें निष्कासित करने वाला नहीं हूं। नैतिक तौर पर उन्हें विधानसभा से इस्तीफा देना चाहिए। अगर उनके क्षेत्र आदमपुर में उपचुनाव होते हैं, तो कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। आपको बता दें कि बिश्नोई ने हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी।



## फूड हब को सुधारने का काम करेगी दिल्ली सरकार, अगले पांच वर्षों में मिलेंगे कई रोजगार




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार दोपहर एक प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने दिल्ली में खाद्य केंद्रों के पुनर्विकास के बारे में बताते हुए कहा कि हमने दिल्ली में अगले पांच वर्षों में रोजगार उपलब्ध करने का निश्चय किया है। ऐसा करने से भारत की खाद्य राजधानी के रूप में जानी जाने वाली दिल्ली में नए फूड हब बनेंगे। दिल्ली में तिब्बती, पंजाबी भोजन के विभिन्न बाजार हैं। हम उनके भौतिक बुनियादी ढांचे, सड़कों, बिजली, स्वच्छता में सुधार करेंगे। उन्होंने कहा कि हम इन फूड हब्स में खाद्य सुरक्षा मानकों में सुधार करेंगे।

यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी स्वच्छता दिशानिर्देशों का पालन हो। फेज 1 में हम दो हबों में काम करेंगे। इसमें मजनू का टीला और चांदनी चौक शामिल हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में एक डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जहां देश की सर्वश्रेष्ठ आर्किटेक फर्मों को अपनी डिजाइन प्रस्तुत करने के लिए बुलाया जाएगा। हम 12 सप्ताह के भीतर एक डिजाइन को अंतिम रूप देने की कोशिश करेंगे और उन्हें नौकरी देंगे। अगले चरण में, अन्य सभी हबों की पहचान की जाएगी और उनका पुनर्विकास किया जाएगा ।

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का विदाई भाषण, बोले- देश की जीवंत लोकतांत्रिक व्यवस्था को नमन करता हूं

निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कार्यकाल का रविवार को आखिरी दिन रहा. इस मौके पर वे देश को संबोधित कर रहे हैं. कोविंद ने कहा कि आज से पांच साल पहले आप सबने मुझ पर अपार भरोसा जताया था और अपने निर्वाचित जन—प्रतिनिधियों के माध्यम से मुझे भारत के राष्ट्रपति के रूप में चुना था. मैं आप सभी देशवासियों के प्रति तथा आपके जन—प्रतिनिधियों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं । उन्होंने आगे कहा कि कानपुर देहात जिले के परौंख गांव के अति साधारण परिवार में पला—बढ़ा राम नाथ कोविंद आज आप सभी देशवासियों को संबोधित कर रहा है, इसके लिए मैं अपने देश की जीवंत लोकतांत्रिक व्यवस्था की शक्ति को शत—शत नमन करता हूं. राष्ट्रपति के कार्यकाल के दौरान अपने पैतृक गांव का दौरा करना और अपने कानपुर के विद्यालय में वयोवृद्ध शिक्षकों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लेना मेरे जीवन के सबसे यादगार पलों में हमेशा शामिल रहेंगे । उन्होंने कहा कि अपनी जड़ों से जुड़े रहना भारतीय संस्कृति की विशेषता है. मैं युवा पीढ़ी से यह अनुरोध करूंगा कि अपने गांव या नगर तथा अपने विद्यालयों तथा शिक्षकों से जुड़े रहने की इस परंपरा को आगे बढ़ाते रहें । 19वीं शताब्दी के दौरान पूरे देश में पराधीनता के विरुद्ध अनेक विद्रोह हुए. देशवासियों में नयी आशा का संचार करने वाले ऐसे विद्रोहों के अधिकांश नायकों के नाम भुला दिए गए थे. अब उनकी वीर—गाथाओं को आदर सहित याद किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि तिलक और गोखले से लेकर भगत सिंह और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस तक, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल और श्यामा प्रसाद मुखर्जी से लेकर सरोजिनी नायडू और कमलादेवी चट्टोपाध्याय तक – ऐसी अनेक विभूतियों का केवल एक ही लक्ष्य के लिए तत्पर होना, मानवता के इतिहास में अन्यत्र नहीं देखा गया है । उन्होंने कहा कि 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए हमारा देश सक्षम हो रहा है, यह मेरा दृढ़ विश्वास है. हमारे पूर्वजों और हमारे आधुनिक राष्ट्र—निर्माताओं ने अपने कठिन परिश्रम और सेवा भावना के द्वारा न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के आदर्शों को चरितार्थ किया था. हमें केवल उनके पदचिह्नों पर चलना है और आगे बढ़ते रहना है. संविधान सभा में पूरे देश का प्रतिनिधित्व करने वाले अनेक महानुभावों में हंसाबेन मेहता, दुर्गाबाई देशमुख, राजकुमारी अमृत कौर तथा सुचेता कृपलानी सहित 15 महिलाएं भी शामिल थीं. संविधान सभा के सदस्यों के अमूल्य योगदान से निर्मित भारत का संविधान, हमारा प्रकाश—स्तम्भ रहा है ।



# सम्पादकीय

## बिगड़ती आबोहवा की करें चिंता

हम किसी भी रूप में विकास के नाम का डंका पीटना चाहते हों, लेकिन यह कैसे भूल जाएं कि वायु गुणवत्ता की हमारे सामने गंभीर चिंता है. एक हालिया रिपोर्ट हमें आइना दिखा रही है. विकास की प्रतिबधता में हम कुछ हद तक खरे उतरे, लेकिन हम भूल गये कि उन सबको भोगने के लिए जीवन चाहिए और जीवन के लिए प्राण वायु. प्राण के लिए पृथ्वी को बचाना होगा. अब यही वायु यदि प्राण लेने लग जाए, तो हमारे तमाम तरह के उपक्रमों और रणनीतियों पर बड़ा अंकुश तो लग ही जायेगा. जिस तरह से यह रपट बता रही है कि हम कितने भी बढ़ते–चढ़ते देश हों, पर यहां पर हमने बहुत बड़ी मात खा ली है. दुनिया के करीब 50 शहरों को सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण के रूप में गंभीर माना गया है. अगर 35 शहर भारत के हों, तो वह बेहद चिंताजनक है. ऐसा न हो कि इसको गंभीरता से न लेते हुए हम अपने ही जीवन को संकट में डाल लें, वो जीवन जिसके लिए देश 75 सालों से विकासशील या विकसित देश बनने के लिए लालायित है. साल 2021 की यह रपट जो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कई मानकों पर तय की है. अपने देश के 35 शहर इसके बड़े घेरे में आ चुके हैं. स्विस संगठन आईक्यू इयर की हालिया रिपोर्ट पीएम–2.5 वाले वायुप्रदूषण को लेकर है, जिसमें यह माना गया है कि अकेले दिल्ली में 2021 में पीएम–2.5 के स्तर में 14.6 फीसदी की बढ़ोतरी हो गयी है. पिछले तमाम दशकों से जो वायु प्रदूषण को लेकर शोर–शराबा हुआ है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार डांट–फट कार लगायी, पर हम संभले नहीं. इसमें 2020 के 84 माइक्रोग्राम प्रतिघन के मुकाबले 2021 में यही पीएम–2.5 का कण 96 माइक्रोग्राम प्रतिघन मीटर हो गया. जो दिल्ली देश को दिशा देती हो, राजनीतिक हो, आर्थिक हो या सामाजिक हो, अगर यह नहीं संभली हो, तो बाकी हिस्सों का क्या होगा? उदाहरण के लिए, दिल्ली को देश का दिल मानते हुए भविष्य की बहुत –सी रणनीतियां बनती हों और अगर उसके ये हालात हैं, तो फिर बाकी शहरों की क्या स्थिति होगी, यह समझ में आ जाना चाहिए.दुनिया मे 50 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में 35 हमारे हिस्से के हैं. दिल्ली को तो इस रूप में भी माना जा सकता है कि यहां बड़ा जमावड़ा हमेशा रहता है. राजधानी होने के नाते क्या उद्योगपति, क्या राजनीतिक और क्या अन्य व्यवसायों से जुड़े हुए लोग, इस शहर में भीड़ बढ़ा कर रखते हैं, आवाजाही हमेशा और शहरों की तुलना में अधिक रहती है, तो ये समझा भी जा सकता है कि दिल्ली के बिगड़ने ये कारण हो सकते हैं, पर देश के अन्य शहरों में भी ऐसे ही हालात बढ़ते जा रहे हैं. हम ग्लासगो में जाकर कुछ भी हल्ला कर लें, दिल्ली में बैठ कर अपने आने वाले समय के विकास के रास्तों को मजबूत कर रहे हों, लेकिन अब इस तरह के आंकड़े एक भयानक भविष्य की ओर इशारा करते हैं. अपने देश में देखिए, 48 फीसदी भारतीय शहरों में वायु गुणवत्ता का स्तर 50 ग्राम प्रतिघन मीटर से उपर रहा है, जो कि डब्लूएचओ के मानक पांच ग्राम प्रति घन मीटर से 10 गुना अधिक है. अब अगर ये हालात हैं, तो ये मान कर चलें कि अब दिन दूर नहीं कि हम अपने शहरों को गैस चौंबरों में परिवर्तित कर देंगें. यह हाल मात्र अभी 35 शहरों का दर्शाया गया है, लेकिन आने वाले समय में देश के सारे शहरों के यही हाल होंगे. इसका बड़ा साफ खुला कारण भी है, हमारे ही देश में सड़कों पर उतरती गाड़ियों की संख्या पूरी तरह से अनियंत्रित है और शहर के लोग अपने तबकों के अनुसार कई तरह की गाड़ियों के शौक को भी पूरा करते हैं और यही नहीं, जिस तरीके से बाजारी सभ्यता गांव तक पहुंचा दी है, अब गांव में भी कार, मोटरसाइकिलों का जमावड़ा शुरू हो गया है. हमने आवाजाही और ट्रांसपोर्ट को इस हद तक पहुंचा दिया है, जो हमारे लिए कार्बन उत्सर्जन का और अंततः वायु प्रदूषण का बड़ा कारण बना है. देश बढ़ता चला जा रहा है और देश की आगामी योजनाओं में सबसे ज्यादा ढांचागत विकास को महत्व दिया जा रहा है. ये भी अपने आप में बहुत बड़ा कारण भी बनेगा. हमारी पारिस्थितिकी पर प्रतिकूल असर डालेगा. इसके अलावा उद्योगों की बाढ़ और वहीं दूसरी तरफ जरूरी वनों का घटता घनत्व और साथ में मरती नदियां और पानी के स्रोत, ये सब अब हमारा धीरे–धीरे साथ छोड़ रहे हैं. साफ बात है कि इनका भी प्रतिकूल असर इन सब पर पड़ रहा है, जिसका न तो हमारे पास कोई अध्ययन है और ना ही कोई आंकड़ा हमारे सामने है. समुद्र, जो कार्बन सिंकिंग का बहुत बड़ा स्रोत है, वह भी आज डार्क जोन में परिवर्तित होता जा रहा है. कचरे से भरा समुद्र आज हमारे कार्बन को लेकर के शायद हमारी बहुत बड़ी सहायता नहीं कर पायेगा. एक बड़ा गंभीर विषय है. अब यह बहुत बड़ी बहस की आवश्यकता हो चुका है कि हमारी जीवनशैली को नियंत्रण करने के लिए भी नियम बनें. नियम और नियंत्रण ही वे होंगे, जो हमारे अपने जीवन को बचाने के होंगे. हम किसी भी तरह के प्रतिबंध से परहेज न करें, क्योंकि उन्हें हम अपने जीवनशैली का विरोधी अवश्य मानेंगे, लेकिन यही शायद हमारे जीवन को बचा पायेगा. आज वायु का प्रदूषण दुनिया में एक नये पैमाने के साथ मापा जाना चाहिए और इसको सीधे जीवनशैली से जोड़कर देखा जाना चाहिए. जीवन ही नहीं होगा, तो हम किस शैली को लेकर आगे बढ़ें, ये सोचने का समय भी नहीं बचेगा?

उदय समाचार
दैनिक
स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।
संपादक
उदय कुशवाहा
Title Code - UPHIN49938
नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा ।

# आज के दिन ही पैदा हुआ था पहला टेस्ट ट्यूब बेबी



वो ब्रिटेन में गर्मियों के दिन थे । साल था 1978, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के 52 साल के फिजिशियन रॉबर्ट एडवर्ड्स की गोद में एक नवजात बच्ची को दिया गया । उस बच्ची को गोद में लेकर एडवर्ड्स ने कहा– मैं आशा करता हूं कि कुछ ही वर्षों में ऐसे बच्चे अजूबा होने के बजाय एक सामान्य मेडिकल प्रैक्टिस बन जाएंगे. ये बयान बेहद अहम था क्योंकि उनकी गोद में थी दुनिया की फर्स्ट टेस्ट ट्यूब बेबी लुइस ब्राउन ।

**90 लाख से ज्यादा टेस्ट ट्यूब बेबी**

तब से लेकर अब तक करीब 90 लाख से ज्यादा बच्चे टेस्ट ट्यूब या यूं कहें आईवीएफ तकनीक से पैदा हो चुके हैं जो डॉक्टर एडवड्र्स के उस बयान को सही साबित करते हैं । अहम ये है कि इस क्रांतिकारी तकनीक की खोज का श्रेय भी डॉक्टर एडवड्र्स को ही जाता है । जिसकी वजह से दुनिया के करोड़ों निसंतान दंपत्तियों के घरों में अब किलकारियां गूंज रही हैं । इस खोज के लिए बाद में उनको नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया. आपको ये भी बता दें कि जिस दिन लुइस ब्राउन का जन्म हुआ उस दिन तारीख थी 25 जुलाई 1978 ।

**कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में फिजिशियन थे रॉबर्ट एडवड्र्स**

आज खरबों रुपए के व्यापार में बदल चुके आईवीएफ तकनीक की खोज 44 साल पहले कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के 52 वर्षीय एक फिजिशियन रॉबर्ट एडवड्र्स ने की थी, जिन्हें इसी खोज के लिए साल 2010 में मेडिसिन के नोबेल सम्मान से भी नवाजा गया था. दरअसल, ब्रिटेन की एक दंपत्ति लेस्ली और जॉन ब्राउन डॉ एडवड्र्स के पास इलाज के लिए आए थे. उनकी शादी को 9 साल हो चुके थे लेकिन उनकी कोई संतान नहीं थी. डॉ एडवड्र्स ने जांच में पाया की लेस्ली की फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक होने से वह गर्भवती नहीं हो पा रही थीं ।

**डॉ एडवड्र्स के प्रोजेक्ट से जुड़े थे लेस्ली और जॉन ब्राउन**

डॉ एडवड्र्स ने उन्हें अपने प्रोजेक्ट के बारे में बताया, जिसमें वे करीब 280 महिलाओं को लेकर आईवीएफ तकनीक का प्रयोग कर रहे थे. कोई और रास्ता न देखकर लेस्ली भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन गईं. वक्त गुजरा और प्रोजेक्ट में शामिल 280 में से 5 महिलाएं गर्भवती हुईं लेकिन इस तकनीक की मदद से केवल लेस्ली ही बच्ची को जन्म दे पाईं और दुनिया को मिल गई पहली टेस्ट ट्यूब बेबी लुइस ब्राउन । जन्म के समय ब्राउन का वजन 2.6 किलोग्राम था. खुद ब्राउन ने अपनी आत्मकथा में इसका जिक्र किया है. उनके पैरेंट्स ने उनके पैदा होने के समय का वीडियो भी उन्हें दिखाया था. लुइस की छोटी बहन नैटली ब्राउन भी उनके जन्म लेने के 4 साल बाद आईवीएफ तकनीक से ही हुई थीं ।

**पहली टेस्ट ट्यूब बेबी लुइस ब्राउन अब 44 साल की**

दुनिया की पहली टेस्ट ट्यूब बेबी लुइस ब्राउन इस एपिसोड के लिखे जाने तक 44 साल की हो चुकी हैं. मैनचेस्टर के ओल्डहैम जनरल हॉस्पिटल में जन्मीं लुइस के मुताबिक इतिहास से जुड़े होने की वजह से वो खुद को बेहद खास मानती हैं लेकिन शुरू में ऐसा नहीं था. कुछ लोग उन्हें अजीब नजरों से भी देखते थे क्योंकि लोग उन्हें अलग मानते थे । उनके घर में कई चिठ्ठियां आती थीं जिनमें से कुछ में अच्छी बातें लिखी होती थीं और कुछ में भद्दी बातें भी लिखी होती थीं. लुइस के मुताबिक उनकी जिंदगी का आधा समय दुनिया को ये समझाते हुए ही निकल गया कि वो भी एक आम बच्ची या सामान्य इंसान हैं. बाद में अपनी बात समझाने के लिए उन्होंने एक किताब भी लिखी जिसका नाम है– माय लाइफ एज द वल्ड्र्स फर्स्ट टेस्ट ट्यूब बेबी

**क्या होती है आईवीएफ तकनीक**

बात जब लुइस ब्राउन की हो रही है तो आपको ये भी बता देंते हैं कि आखिर आईवीएफ तकनीक है क्या. दरअसल, आईवीएफ का पूरा नाम इन विट्रो फर्टिलाइजेशन है. इस प्रक्रिया द्वारा पति–पत्नी अपना बच्चा आर्टिफिशियल तरीके से पैदा कर सकते हैं. इस प्रोसेस में सबसे पहले अंडों के उत्पादन के लिए महिला को फर्टिलिटी की दवाइयां दी जाती हैं । इसके बाद सर्जरी के माध्यम से अंडों को निकाल कर प्रयोगशाला में कल्चर डिश में तैयार मेल के शुक्राणुओं के साथ मिलाकर निषेचन यानि फर्टिलाइजेशन के लिए रख दिया जाता है. पूरी प्रक्रिया में अल्ट्रासाउंड का इस्तेमाल किया जाता है. इसके बाद इसे लैब में दो या तीन दिन के लिए रखा जाता है, फिर पूरी जांच के बाद इससे बने भ्रूण को वापस महिला के गर्भ में इम्प्लांट कर दिया जाता है ।

# बीएस येदियुरप्पा नहीं लड़ेंगे विधानसभा चुनाव



कर्नाटक के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने अपने बेटे और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र के लिए अपनी शिकारीपुरा सीट खाली कर दी. इसकी घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि वे अलगा कर्नटाक चुनाव नहीं लड़ेंगे. बता दें कि येदियुरप्पा की घोषणा को उनकी चुनावी राजनीति की समाप्ति माना जा रहा है.

**येदियुरप्पा ने जनता से की अपील**

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मैं चुनाव नहीं लड़ रहा हूं. विजयेंद्र शिकारीपुरा से चुनाव लड़ेंगे. मैं हाथ जोड़कर शिकारीपुरा की जनता से प्रार्थना करता हूं कि वह मुझसे भी अधिक अंतर से उन्हें जीत दिलाएं. समर्थकों द्वारा पुराने मैसुरु क्षेत्र से विजयेंद्र को लड़ाने की मांग को लेकर पूछे गए सवाल पर येदियुरप्पा ने कहा, उनपर वहां से लड़ने का बहुत दबाव है, लेकिन मैं सीट खाली कर रहा हूं और चुनाव नहीं लड़ूंगा. इसलिए विजयेंद्र शिकारीपुरा से चुनाव लड़ेंगे.

**जानें विययेंद्र का राजनिति सफर**

विजयेंद्र को जुलाई 2020 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था. वहीं मई वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में मैसुरु के वरुणा से टिकट देने से इंकार करने के कुछ समय बाद ही उन्हें भाजपा की युवा इकाई का महासचिव नियुक्त किया गया था. पार्टी में उनका कद उस समय और बढ़ गया जब वर्ष 2019 और 2020 में हुए उपचुनावों में भाजपा को पहली बार क्रमशरू के आर पेट और सिरा विधानसभा सीटों पर जीत मिली और कई ने उन्हें इसका श्रेय दिया.

**कांग्रेस पर साधा निशाना**

येदियुरप्पा ने अपनी घोषणा के दौरान कांग्रेस पर भी निशाना साधा. उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच कांग्रेस में घमासान का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस के नेता अधीर हो गए थे और चुनाव से काफी पहले सीएम बनने की बात कर रहे थे. कांग्रेस में अंदरूनी कलह चल रही है. दोनों सीएम बनने के लिए लड़ रहे हैं और यह सब खुले में चल रहा है. उन्होंने कहा कर्नाटक में बीजेपी फिर से सत्ता में आने जा रही है.

# ..और रो पड़ीं अर्पिता मुखर्जी, कहा- मेरा किसी राजनीतिक दल से वास्ता नहीं, मेरी मां का ख्याल रखना

पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के जरिये स्कूलों में हुई नियुक्तियों में घोटाला को लेकर राज्य में राजनीति उफान पर है. राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री व मौजूदा उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी को प्रवर्तन निदेशालय पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है. उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी के आवास से मिले 21 करोड़ से ज्यादा रुपये, गहने, विदेशी मुद्रा व अन्य सामान की बरामदगी के बाद उनकी गिरफ्तारी ने विपक्षी दलों को सत्तारूढ़ दल को घेरने का मौका दे दिया है.

**बैंकशाल कोर्ट में हुई अर्पिता मुखर्जी की पेशी**

इस बीच, गिरफ्तारी के ठीक एक दिन बाद यानी रविवार को अर्पिता ने पत्रकारों से कहा, 'मेरा किसी भी राजनीतिक दल से कोई वास्ता नहीं है. मेरी मां का ख्याल रखना.' इतना कहने के बाद वह फफक–फफक कर रो पड़ी. यह वाकया तब हुआ, जब उन्हें ईडी के अधिकारी यहां बैंकशाल कोर्ट स्थित केंद्रीय जांच एजेंसी की विशेष अदालत में पेशी के लिए लेकर आये. पत्रकार उनसे बात करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सुरक्षा की व्यवस्था के चलते वे उसके ज्यादा करीब नहीं जा पाये. हालांकि, पत्रकारों को देखते ही वह रो पड़ीं.

**ईएसआई अस्पताल में हुई चिकित्सकीय जांच**

अदालत में लाने से पहले उन्हें सॉल्टलेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी कार्यालय से जोका स्थित ईएसआई अस्पताल में चिकित्सकीय जांच के लिए लाया गया था,

क्योंकि अर्पिता ने केंद्रीय जांच अधिकारियों के समक्ष खुद के अस्वस्थ महसूस करने की बात कही थी. उसके बाद रविवार सुबह करीब 11 बजे उन्हें जोका स्थित अस्पताल लाया गया. अस्पताल में भी अर्पिता से पत्रकारों ने बातचीत करने की कोशिश की.

**अर्पिता ने पत्रकारों से कहा- कानून पर है पूरा विश्वास**

तब अर्पिता ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें कानून पर पूरा विश्वास है. कानून कानून के हिसाब से ही चलेगा. वहां उनकी कुछ मेडिकल टेस्ट करायी गयी. सूत्रों के अनुसार, अर्पिता की चिकित्सीय जांच करने व चिकित्सकों द्वारा उनके अस्पताल में फिलहाल भर्ती नहीं किये जाने की आवश्यकता के आश्वासन के बाद उन्हें अदालत ले आया गया.

**अर्पिता ने कहा था- यह भाजपा की साजिश है**

गौरतलब है कि शनिवार शाम को केंद्रीय जांच एजेंसी ने अभिनेत्री अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद जब उन्हें फ्लैट से बाहर लाया गया था, तब उन्होंने चीखते हुआ कहा था, 'मैंने कोई अन्याय नहीं किया है. कोई गलत काम नहीं किया है. यह भाजपा की बड़ी साजिश है.'

**तृणमूल कांग्रेस ने अर्पिता और 21 करोड़ रुपये से पल्ला झाड़ा**

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही नहीं, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) भी अर्पिता के घर से मिली नकदी के अंबार को तृणमूल कांग्रेस से जोड़ रही है. हालांकि, तृणमूल ने इसे खारिज करते हुए स्पष्ट





कर दिया है कि करोड़ों की राशि जहां से बरामद हुई है, उससे व उसके संबंधित लोगों से तृणमूल का कोई वास्ता नहीं है.

# राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना पर पीएम मोदी को घेरा, पूछा– क्या होगा अग्निवीरों का भविष्य?

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को अग्निपथ योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घेरा है. कांग्रेस सांसद राहुल ने ट्वीट कर कहा है कि देश में हर साल 60,000 सैनिक रिटायर होते हैं, उनमें से सिर्फ 3000 को सरकारी नौकरी मिल रही है. राहुल गांधी ने सवाल करते हुए कहा कि चार साल के ठेके पर हजारों की संख्या में रिटायर होने वाले अग्निवीरों का भविष्य क्या होगा?

**पीएम के नए प्रयोग से देश की सुरक्षा, युवाओं का भविष्य दोनों को खतरा**

अपने ट्वीट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने साथ ही लिखा है कि प्रधानमंत्री की प्रयोगशाला के इस नए प्रयोग से देश की सुरक्षा और युवाओं का भविष्य दोनों खतरे में हैं. बता दें कि भारतीय वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती के लिए आज 24 जुलाई से परीक्षा शुरू हो गई है. इस बीच, राहुल गांधी ने अपने हालिया ट्वीट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर से हमला बोला है.

**केंद्र सरकार ने 14 जून को किया था अग्निपथ योजना का ऐलान**

बता दें कि अग्निवीरों की भर्ती के लिए आज यानि 24 जुलाई से शुरू हुई परीक्षा दिल्ली, कानपुर, पटना समेत देश के कई हिस्सों में आयोजित की जा रही है.

जो 31 जुलाई तक देशभर के 250 केंद्रों पर आयोजित हो रही है. भारतीय वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती के लिए ये परीक्षा 8 दिनों तक चलेगी. गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 14 जून को अग्निपथ योजना का ऐलान किया था.

**अग्निपथ योजना के तहत भर्ती होने वाले युवा कहलाएंगे अग्निवीर**

अग्निपथ योजना के तहत साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष तक की आयु के युवाओं को 4 साल की अवधि के लिए सशस्त्र सेनाओं में शामिल किया जाएगा. इनमें से 25 प्रतिशत को बाद में नियमित सेवा में शामिल किया जाएगा. सरकार ने बाद में वर्ष 2022 के लिए इस योजना के तहत भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा को 21 वर्ष से बढ़ाकर 23 वर्ष कर दी थी. अग्निपथ योजना के तहत आर्मी, एयरफोर्स और नेवी में जवानों की भर्तियां होनी हैं. इस योजना के तहत 40 से 45 हजार युवाओं को हर साल सेना में शामिल किया जाएगा और इनका कार्यकाल 4 साल होगा तथा इनकी रैंकिंग अलग होगी. इसके तहत सेना में भर्ती होने वाले युवा अग्निवीर कहलाएंगे.



# खाना बनाते समय सिलिंडर की रबर निकलने से दो बहनें झुलसी



कानपुर । श्याम नगर स्थित भल्ला की टटिया में घर में खाना बनाते समय अचानक गैस चूल्हे में लगी सिलिंडर की रबर निकल गई। जिससे आग लग गई। आग की चपेट में आने से दो बहनें झुलस गईं। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। श्याम नगर भल्ला टटिया निवासी दिनेश शटरिंग का काम करते हैं। दिनेश ने बताया कि रविवार को उनके घर पर कुछ मेहमान आने थे। जिसके चलते उनकी बहने सुनीता और पुष्पा भी आई थीं। सुनीता रसोई में खाना बना रही थी। अचानक गैस चूल्हे में लगी सिलेंडर की रबर निकल गयी और आग लगने से सुनीता उसकी चपेट में आ गई। चीख–पुकार मचने पर पुष्पा उसे बचाने गई तो वह भी आग की चपेट में आकर झुलस गई। परिजनों ने आनन–फानन आग बुझाकर दोनों को रामादेवी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां दोनों का उपचार चल रहा है।

# प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए निकाली गई रैली




कानपुर । प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत आम जनमानस को जागृत करने के उद्देश्य से एक वाहन रैली निकाली गई । रैली में समाज के हर वर्ग के लोगों ने शिरकत की। पूर्व विधायक नीरज चतुर्वेदी की अगुवाई में निकली इस रैली को जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में चल रहे लोगों और छात्र–छात्राओं ने आम जनमानस को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया। साथ ही उनसे प्लास्टिक त्याग करने का आह्वान भी किया। रतन शांति परिसर खालसी लाइन से शुरू हुई जो पीरोड ,जरीब चौकी , घंटाघर , मूलगंज , मेस्टन रोड , बड़ा चौराहा और सिविल लाइंस होते हुए कमिश्नर कार्यालय पर समाप्त हुई। 'प्लास्टिक कर रही जनजीवन का नुकसान , मिटा दो जड़ से इसका नामोनिशान' जैसे नारे लिखे पोस्टरों के साथ निकाली गई इस रैली के जरिए लोगों से प्लास्टिक का उपयोग बंद करने की अपील की गई । रैली के संयोजक नीरज चतुर्वेदी और अध्यक्ष संजीव दीक्षित के मुताबिक , प्लास्टिक से इंसान ही नहीं, बल्कि जानवर और पर्यावरण को भी खासा नुकसान हो रहा है । इसलिए, हमें प्लास्टिक का उपयोग बंद कर देना चाहिए। साथ ही इसके विकल्प कपड़े, कागज और जूट के बैग का इस्तेमाल करना चाहिए। दोना–पत्तल और कुल्हड़ का उपयोग बढ़ाना जरुरी है क्योंकि प्लास्टिक जीवन को नुकसान देती है ।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं ने लिया प्रशिक्षण

कानपुर । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कानपुर पूरब का जिला अभ्यास वर्ग संपन्न हो गया। शुभारंभ प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी, जिला प्रमुख अरुण विक्रम सिंह, जिला सहसंयोजक सानुज तिवारी और जिला विस्तारक जीशान नकवी ने कया। इस दौरान सैद्धांतिक भूमिक, कार्यपद्धती, कार्यकर्ता विकास एवं व्यवहार, परिसर कार्य और अभाविप स्थापना के 75 वर्ष विषय पर विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं जो सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमो में भाग लेने के लिए प्रशिक्षण भी हुआ। परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही एक सशक्त छात्र शक्ति के निर्माण में प्रयासरत रही है। हर साल लाखों की संख्या में विद्यार्थी संगठन की सदस्यता लेते हैं। इन विद्यार्थियों को विद्यार्थी परिषद की कार्य पद्धति एवं अन्य विषयों की जानकारी प्रदान करने के लिए ऐसे वर्गों का आयोजन किया जाता है। कानपुर महानगर की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपनी अनूठी कार्य प्रगति के कारण ही अपनी 75 वर्ष की यात्रा पूरी कर रहा है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अपने अनुशासन के कारण हर जगह प्रसिद्ध है। बड़े से बड़े आंदोलन में भी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने रचनात्मक एवं अनुशासनात्मक व्यवहार से समाज में अपना अलग स्थान बनाया है। विद्यार्थी परिषद कानपुर जिले के जिला प्रमुख अरुण विक्रम सिंह ने बताया कि इस अभ्यास वर्ग में कानपुर जिले के सात नगरों के कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला सहसंयोजक सानुज तिवारी ने बताया कि इस अभ्यास वर्ग के बाद हम सभी आने वाले सदस्यता अभियान एवं इकाई गठन के लिए बड़े स्तर पर योजना बनाकर कैंपस–कैंपस जाने वाले हैं। जीशान नकवी ने कहा कि एबीवीपी अपने 75 वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस अवसर पर अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन कानपुर पूरब जिले में किया जाएगा।




# तेज रफ्तार स्कूटी का फटा टायर रोडवेज बस से टकराई, तीन लोग घायल



फतेहपुर । जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कूटी का टायर फट जाने से अनियंत्रित होकर रोडवेज बस से टकरा गई जिसमें 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए बताते चलें कि जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र के बांदा रोड पर तेज रफ्तार स्कूटी सवार जो बांदा से किसी काम को लेकर फतेहपुर जा रहे थे तभी मेन रोड पर स्कूटी का टायर फट गया जिससे अनियंत्रित स्कूटी रोडवेज बस से टकरा गई स्कूटी में 3 लोग सवार थे जो गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों ने घायलों को निजी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है चिकित्सकों ने बताया कि हालत नाजुक है प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रिफर किया जाएगा ।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत




फतेहपुर । जनपद के असोथर थाना क्षेत्र में एक किसान अपने खेतों की रखवाली करने गया हुआ था वह रविवार सुबह वापस घर आ रहा था तभी रास्ते में हाईटेंशन लाइन का तार टूटा हुआ पड़ा था जिसकी चपेट में किसान आ गया जिसकी दर्दनाक घटनास्थल पर मौत हो गई इस घटना की सूचना जब परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया परिजनों ने आनन–फानन इसकी सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों वह पुलिस प्रशासन को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इधर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौके का मुआयना करते हुए बताया कि इस घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दी जाएगी थानाध्यक्ष ने बताया कि हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन भेज शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी ।

# पेड़ में उतरे करंट की चपेट में आए युवक की दर्दनाक मौत



फतेहपुर । जनपद के हुसैनगंज थाना क्षेत्र में एक महुआ के पेड़ में हाईटेंशन लाइन का करंट उतर जाने से एक युवक चपेट में आ गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई बताते चलें कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छेउका गांव निवासी रमेश चंद्र जो कि अपने खेतों से काम कर वापस आ रहा था तभी अचानक बारिश होने लगी तो वह महुआ के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया पेड़ गीला होने के चलते हाईटेंशन लाइन का करंट उतर आया जिससे युवक चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई इस घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया परिजनों ने आनन–फानन निजी वाहन से युवक को सरकारी स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया परिवारी जनों में कोहराम मचा हुआ है इस घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

# कब्रिस्तान में बारिश के पानी को लेकर अतिरिक्त एसडीएम को सौपा ज्ञापन



उरई (जालौन)–ऑंल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लेमीन कमेटी के जिलाध्यक्ष शोएब मंसूरी के नेतृत्व में अब्दुल हक मंसूरी, उवेश, शान मोहम्मद, मतबूत चंदेल एडवोकेट आदि ने आज शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौपते हुए बताया कि बारिश होने के कारण उसका पानी कब्रिस्तान में भरा पड़ा है जिसके निकासी की कोई ब्यवस्था नहीं है।जिसके निकासी की ब्यवस्था करवाये जाने की मांग उठाई है यह भी बताया कि नया पटेलनगर करसान रोड़ बार्ड 16 मस्जिद के पीछे कब्रिस्तान बना हुआ है यहां प्रत्येक वर्ष बारिश के मौसम में कब्रिस्तान में पानी भर जाता है जिसके निकासी की कोई ब्यवस्था नहीं है।

उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र के माध्यम से सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है परंतु इसका कोई उपाय नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि विगत एक वर्ष से करसान रोड़ पर नाले का निर्माण हो रहा है जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। जिसमें मुख्य पानी निकासी की ब्यवस्था नहीं की गयी है। उक्त लोगों ने प्रशासन से पानी निकासी की ब्यवस्था करवाये जाने की मांग उठाई है।।

# आबकारी विभाग की टीम ने मारा छापा, कच्ची शराब के साथ लहन बरामद

## एक महिला के साथ युवक गिरफ्तार



फतेहपुर । जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र में आबकारी विभाग ने छापा मारकर एक महिला समेत युवक को गिरफ्तार किया है जिसमें कच्ची शराब के साथ उपकरण सहित लहन भी बरामद किया है जिसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है बताते चले कि जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र के इनायतपुर गांव निवासी रामकिशन पुत्र राम सजीवन गोधना देवी पति छेदीलाल को कच्ची शराब उपकरण समेत लहेन बरामद किया है दोनों आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है गिरफ्तार करने वाली टीम स्पेक्टर निधि सिंह अरविंद कुमार महेंद्र कुमार ने भारी फोर्स बल के साथ छापेमारी की जहां पर भारी मात्रा में लहन के साथ शराब बरामद की दोनों आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है ।

# अमौली जिला पंचायत सदस्य रमा देवी के निधन के बाद संवेदना व्यक्त करने पहुंचे क्षेत्रीय नेता व आला अधिकारी



फतेहपुर । जनपद के अमौली जिला पंचायत सदस्य रमा देवी काफी समय से अस्वस्थ होने के चलते उनका इलाज लखनऊ के पीजीआई हॉस्पिटल में चल रहा था जिनका निधन बीती रात हो गया था अंतिम संस्कार शनिवार को किया गया था रविवार को क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र पटेल व पूर्व राज्यमंत्री जय कुमार जैकी व आला अधिकारियों सहित उनके गांव संवेदना व्यक्त करने पहुंचे क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों के साथ नेताओं के बीच उनके क्षेत्र के विकास कार्य को लेकर चर्चा की गई पूर्व मंत्री जय कुमार जैकी ने बताया कि क्षेत्र में होते हुए उनके विकास कार्यों को लेकर बड़ी उत्सुकता थी उन्होंने क्षेत्र में रहकर बहुत विकास किया है उनका नाम हमेशा अमर रहेगा परिवारिक सदस्यों को जीवन के सफर में आगे बढ़ने की उत्तेजना दी और कहा कि हम सभी के साथ हैं क्षेत्र के किसी भी सदस्य को कभी किसी प्रकार की समस्या हो तो हम उसके साथ हैं हर सुख दुख में हमें याद करें ।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने मारी बाजी

उदय समाचार । कानपुर । जनपद के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के 10वीं व 12वीं सीबीएसई बोर्ड के छात्र छात्राओं ने बाजी मारी जिसमें विद्यालय के साथ–साथ अपने माता–पिता का भी नाम रोशन किया । हाई स्कूल में अनमोल रतन श्रीवास्तव ने 94.40 प्रतिशत, जया वर्मा ने 93.6 प्रतिशत, मोहित कुमार ने 91.2 प्रतिशत, हृदय वर्मा ने 90.8 प्रतिशत, अर्पित पाल ने 90.8 प्रतिशत, जहान्वी निषाद ने 90.2 प्रतिशत, छवि सिंह राठौर ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए वही इंटरमीडिएट में अंकित कुमार यादव ने 94.4 प्रतिशत, आकांक्षा सिंह ने 92 प्रतिशत, स्पर्श तिवारी ने 91.6 प्रतिशत, सृष्टि दुबे ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।




# ब्लॉक प्रमुख ने फीता काटकर किया सीसी रोड़ का उद्घाटन

उदय समाचार । कानपुर । नरवल तहसील के पुरवामीर में सरसौल ब्लॉक प्रमुख द्वारा गांव में सीसीरोड़ का उद्घाटन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्लॉक प्रमख डॉ विजय रत्ना सिंह तोमर मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने फीता काटकर सीसीरोड़ का उद्घाटन किया। मिली जानकारी के अनुसार पुरवामीर गांव में लगभग 19 लाख रुपए की लागत से बनी दोनों सीसी सड़कों का उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि दलदल रास्तों से अब राहत मिलेगी। पुरवामीर के ग्रामीणों ने डॉ विजय रत्ना को निर्विरोध बीडीसी चुना था। ब्लॉक प्रमख डॉ विजय रत्ना सिंह ने कहा कि जिस प्रकार डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के हित में तमाम योजनाएं लागू कीं, जिससे उनके जीवन में बदलाव देखने को मिल रहा है। उसी प्रकार सरसौल ब्लॉक क्षेत्र में दोगुनी तेजी से विकास कार्य करूंगी। ब्लॉक प्रमुख ने ग्रामीणों से कहा आप मालिक हम माध्यम मिलकर विकास कार्य कराएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा पर जोर दिया जाएगा।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख डॉ विजय रत्ना सिंह,रोहित सिंह तोमर ग्राम प्रधान नसड़ा, सोमेन्द्र प्रताप सिंह, अमन सिंह, शिवम सिंह गौर, जितेंद्र सिंह ग्राम प्रधान पुरवामीर, ग्राम पंचायत सचिव समेत समस्त सम्मानित लोग मौजूद रहे।



# दिवंगत पत्रकार की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

उन्नाव । हसनगंज तहसील क्षेत्र के झलोतर गांव निवासी दिवंगत पत्रकार की छठवीं पुण्यतिथि पर संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश राज्यमंत्री ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तहसील क्षेत्र हसनगंज के झलोतर गांव निवासी दिवंगत पत्रकार आशुतोष मिश्रा की छठवीं पुण्यतिथि पर संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने शनिवार को पत्रकार के आवास झलोतर गांव पर पहुंच कर चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ भारतीय जनता पार्टी प्रणित के जिलाप्रभारी/प्रांतीय




महामंत्री श्री सौरभ तिवारी ने भी पुष्प अर्पित किए भारतीय जनहित महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद मौर्य हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी ने आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हसनगंज रोड छोटा खेड़ा गांव के पास 22 जुलाई 2015 को वर्ष में बीती रात को पत्रकार आशुतोष मिश्रा घर आते समय सड़क के किनारे शव हत्या कर फेंक दिया गया था पूर्व सपा की सरकार में मृतक के परिजनों ने गांव के ही 7 लोगों पर नामजद एफ आई आर दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस की लापरवाही से पीड़ित परिजनों को न्याय नहीं मिल सका जिसमें पीड़ित परिजनों का पुलिस के खिलाफ रोष व्याप्त है परिजनों ने न्यायालय में शरण लेकर वाद दायर कर न्याय की गुहार लगाई है इस मौके पर अनूप त्रिवेदी पत्रकार प्रदीप तिवारी मीडिया प्रभारी भाजपा प्रणित अंकित दीक्षित पत्रकार अजीत यादव पत्रकार पूर्व भाजपा विस्तारक अभिषेक मिश्रा आदर्श पांडेय आचार्य रोहित महाराज प्रवीण दुबे अजय त्रिवेदी जिला पंचायत सदस्य इंद्रमोहन सिंह जनहित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खेत में पानी लगाने जा रहे युवक की धारदार हथियार से हत्या

उन्नाव । असोहा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक की हत्या कर दी गई। वह बीती देर रात अपनी फसल में पानी लगाने के लिए जा रहा था। गांव के पास ही 3 लोगों ने घेर कर धारदार हथियार से उसकी गर्दन पर कई वार कर दिए। चीखने की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े, तब तक हमलावर फरार हो गए। गंभीर हालत में उसे पास के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। बताते चलें कि थाना असोहा क्षेत्र के ग्राम कथा के रहने वाले रामकुमार का 35 वर्षीय बेटा गुड्डू बीती देर रात ग्यारह बजे अपने घर से खेतों में खड़ी फसल में पानी लगाने के लिए जा रहा था। वह गांव के ही रहने वाले सुनील मौर्य के घर के सामने जैसे ही पहुंचा। तभी गांव के ही रहने वाले संतराम, कुलदीप, संदीप ने उसे रोककर लाठी–डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। चीख–पुकार की आवाज सुनकर जब तक ग्रामीण दौड़े तब तक दबंगों ने किसी धारदार हथियार से गर्दन पर कई वार करते हुए मौके से भाग निकले। अचेत अवस्था में पड़ा देख आनन फानन ग्रामीणों से उठाकर पास के सीएचसी ले गए जहां पर



डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हत्या की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन में असोहा प्रभारी निरीक्षक राजकुमार में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहां मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए उन्नाव मोर्चरी भिजवाया। वहीं परिजनों की तहरीर पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# सपा महासचिव रामगोपाल यादव ने की सदस्यता अभियान की समीक्षा

इटावा । सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और विधायक शिवपाल सिंह यादव के बीच चल रहे पत्र व्यवहार के बारे में सपा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रामगोपाल यादव कुछ नहीं बोले। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि इस बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष ही कुछ कह सकते हैं। वे इस बारे में कुछ नहीं कहेंगे। डॉ. रामगोपाल रविवार को सपा कार्यालय पर पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा करने आए थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में एक दिन में कुल 2500 सदस्य बनाये जा चुके हैं। अभियान बराबर चलाया जा रहा है। हर बूथ पर दो सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। एक सक्रिय सदस्य को 50 साधारण सदस्य बनाने होते हैं। इस तरह से हर बूथ पर 100 कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लक्ष्य को पूरा करना है। इटावा में सदस्यता अभियान तेजी से चल रहा है। सदस्यता बहियां भी कम पड़ रही हैं। वे लखनऊ जाकर पार्टी कार्यालय से यहां सदस्यता बहियां भिजवाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी को मजबूत बनाने वाले को ही संगठन में उचित सम्मान और पद दिया जाएगा। सदस्यता अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं की परफॉर्मेंस देखी जाएगी। उसके आधार पर ही उन्हें संगठन में उचित जिम्मेदारी दी जाएगी।



इससे पूर्व उन्होंने सपा जिला अध्यक्ष गोपाल यादव से सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी की। समाज के सभी वर्गों के लोगों को सदस्यता से जोड़ने के निर्देश दिए। शहर अध्यक्ष वसीम चौधरी, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, बृजेश कठेरिया, वीरू भदौरिया, संतोष यादव, विद्याराम यादव आदि मौजूद रहे।

# महिला ने पति के साथ मिलकर बहन को पीटा, अवैध तमंचा दिखाकर धमकाया

हमीरपुर । जिले में राठ कोतवाली क्षेत्र के चरखारी रोड सिकंदरपुरा इलाके की निवासी एक दबंग महिला का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दबंग महिला अवैध देसी तमंचे को लिए हुए घूमती हुई नजर आ रही है। वहीं, तमंचा धारी महिला की छोटी बहन ने अपनी बड़ी बहन व उसके पति पर अवैध तमंचे के बल पर मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। राठ कस्बा क्षेत्र के चरखारी रोड सिकंदरपुरा इलाके की निवासी महिला बबलेश पत्नी रविंद्र सिंह ने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि उसकी बड़ी बहन शकुंतला दबंग प्रवृत्ति की महिला है। जो कि अपने पास अवैध देसी तमंचे को रखे हुए हैं। जमीन के विवाद को लेकर आए दिन उसे अवैध तमंचा का डर दिखाकर उसे प्रताड़ित करती है। उसने बताया कि उसकी बड़ी बहन शकुंतला और उसके पति भरत कुमार ने जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। जब उसके पति रविंद्र सिंह उसे बचाने के लिए आए, तो उक्त दोनों ने उसके पति रविंद्र सिंह के साथ भी जमकर मारपीट कर दी। दबंगों के द्वारा की गई मारपीट से उन्हें गंभीर चोटे आई हैं। वहीं महिला ने बताया कि की बड़ी बहन शकुंतला के दो तमंचे का वीडियो भी उसके पास



है, जो कि आए दिन अवैध तमंचे को अपने हाथों में लेकर घूमती रहती है। पीड़ित महिला ने राठ कोतवाली में मामले की तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। मामले में पुलिस के द्वारा घटना की जांच पड़ताल कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# एससी महिला प्रधान के साथ की अभद्रता

उरई–(जालौन)–मोनी पत्नी मानसिंह बाल्मीकि निवासी ग्राम पंचायत मरगाया थाना कदौरा ने जिलाधिकरी को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि में पहली बार प्रधान बनी हूं और बाल्मीक अनुसूचित जाति की हूँ। मेरे गांव के शिवकान्त द्विवेदी पुत्र जागेश्वर दयाल प्रधान बनने के बाद ही मुझ पर दबाव डाल रहे है कि मैं जैसा कहूँ वैसा ही करना पड़ेगा। मैनें कहा कि मैं पूरे गांव का काम करूँगी। पक्षपात नहीं करूँगी जिससे नाराज होकर दिनांक 18.07. 2022 रात 9 बजे शिवकान्त द्विवेदी व उनका लड़का राजा द्विवेदी व भतीजा ईशू द्विवेदी व संजय द्विवेदी पुत्र रमाकान्त द्विवेदी मेरे घर आये। मुझे जाति सूचक गंदी गंदी गालियां देते हुए अपमानित किया और मुझे तथा मेरी बेटी ओमनी उम्र 11 वर्ष को भी मारपीट कर बोले हम जैसा कहेंगे वैसे तुम्हें प्रधानी करनी पडेगी उसमें शिवकान्त बन्दूक लिए था और मुझे अपशब्द कहे तो जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उक्त आपराधिक प्रवृत्ति के लोगो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर हमारी जानमाल की सुरक्षा की जाए।।

# मोहल्ले में पहुंचा मगरमच्छ, ग्रामीणों में मचा हड़कंप, वन विभाग ने रेस्क्यू कर बेतवा नदी में छोड़ा

जालौन । जिले में एट थाना क्षेत्र के मोहल्ले में मगरमच्छ घूमता देख लोगों में हडकंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग और पुलिस की टीम ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया। इस दौरान मगरमच्छ में कई बार वनकर्मियों पर हमला करने की कोशिश की । टीम ने मगरमच्छ को बेतवा नदीं में ले जाकर छोड़ दिया। एट थाना क्षेत्र के धगुआं कलां रोड पर रविवार की सुबह मगरमच्छ मोहल्लें में पहुंच गया। वहां से निकल रहे राहगीरों ने सड़क से घरों की तरफ जाते हुए मगरमच्छ को देखकर अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग से पहुंचे कर्मचारी पुष्पेंद्र सिंह, करन, वीरसिंह व थाना पुलिस के दो उपनिरीक्षक छह सिपाहियों ने ग्रामीणों की मदद से लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को रस्सियों से बांधकर पकड़ लिया। वाहन में लादकर बेतवा नदीं में छोड़ दिया। वन विभाग के दरोगा ने बताया कि वेतवा में पानी छोड़े जाने की वजह से हमीरपुर शाख नहर से मगरमच्छ निकलकर मोहल्लें में आ गया था।



# बारिश में पुरानी कोठी की दीवार गिरी, एक महिला घायल, पांच वाहन क्षतिग्रस्त

इटावा । जिले में कोतवाली क्षेत्र के पंसारी टोला में देर रात मेहंदी वाली कोठी की दीवार गिर गई। कोठी के पिछले हिस्से में बने दो कमरे व गैराज में खड़े पांच वाहन दबकर क्षतिग्रस्त हो गए। कोठी के पिछले हिससे में बने मकान में रहने वाली महिला नीलम यादव पत्नी विकास यादव भी दबकर घायल हो गईं। दीवार गिरने के साथ हुए धमाके से आसपास के लोग बाहर निकल आए। वहीं गैराज स्वामी शिवराम सिंह का कहना है कि यह बहुत पुरानी कोठी है। इसके पिछले हिससे में हमारे मकान बने हुए हैं और खाली जगह में मोहल्ले के लोगों के वाहन खड़े रहते हैं। इस कारण हादसे के बाद हमारा और हमारे पड़ोसियों व वाहन स्वामियों का नुकसान अधिक हुआ है।



# उच्च शिक्षा राज्यमंत्री का कार्यकर्ताओं ने मुकुट पहनाकर किया स्वागत

हरदोई । यूपी सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी हरदोई पहुंची जहां बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत मुकुट पहना कर किया। मंत्री ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इसके बाद शाहाबाद के नर्मदा तीर्थ स्थल पर टेढ़े स्वर नाथ बाबा का रुद्राभिषेक किया । उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ग्राम पंचायत फत्तेपुर विकासखंड टोडरपुर का उद्घाटन किया है। मंत्री ने कहा, ग्राम पंचायतों के कार्यालयों, उनकी बैठकों के आयोजन और ग्राम स्तर पर पंचायत सचिव की उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायत भवनों का निर्माण किया



गया है। पंचायत भवन का उद्देश्य है कि ग्रामीण जनों को आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, खतौनी आदि पंचायत सहायकों को उपलब्ध कराई जा सके। इसके लिए सभी पंचायत पर पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई है। जिन्हें राज्य सरकार द्वारा 6000 रुपए मासिक मानदेय के रूप में दिए जाते हैं। मंत्री का बीजेपी नेता राजेंद्र मिश्रा ने चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत किया। इसके बाद मंत्री ने फरियादियों की फरियाद सुनी और कहा जो भी पीड़ित है। वो सीधे उनसे मिले। उसकी समस्या का समाधान कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके बाद मंत्री शाहाबाद के नर्मदा तीर्थ स्थल पर पहुंची, जहां उन्होंने टेढ़े स्वर नाथ बाबा का रुद्राभिषेक भी किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख नीतू त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी शाहाबाद धीरेंद्र श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी टोडरपुर बृजेश कुमार मिश्र आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वेतन न मिलने से परेशान संविदा कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरदोई । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने वेतन न मिलने के कारण सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें स्वास्थ्यकर्मी जावेद ने बताया कि माह जून का वेतन अब तक नहीं दिया गया है। जबकि बकरीद का त्यौहार संविदा कर्मचारियों को बिना वेतन के मनाना पड़ा था। जिला अध्यक्ष जावेद खान ने कहा कि आज 24 जुलाई हो गई है। अब तक वेतन का कोई भी पता नहीं है। न ही कोई जिम्मेदारी लेता दिख रहा है। 2021 का इंक्रीमेंट भुगतान अब तक नहीं दिया गया है। वर्तमान समय का भी इंक्रीमेंट का कोई पता नहीं है। जिसमें और भी अन्य भत्ते अभी तक नहीं भुगतान किए गए है। जैसे पीबीआई पीपीआईयूसीडी पोलियो फाइलेरिया आरआई एचआरपी आदि। शासन से आदेश आया था कि सभी टीकाकरण एएनएम को 10 हजार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जिसमें जिले भर की करीब 25 एएनएम अभी भी ऐसी हैं। जिनको 10000 प्रोत्साहन राशि नहीं दी गई। साथ ही यह भी बताना है कि रक्षाबंधन का त्यौहार आ गया है। अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मचारी है। जिनका अब तक न ही जून का वेतन दिया गया है और न ही जुलाई के वेतन का कुछ पता चल पा रहा है। संविदा कर्मचारियों ने सीएमओ को ज्ञापन देकर वेतन की गुहार लगाई है। सीएमओ डॉ देश दीपक पाल ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सभी



संविदा कर्मचारियों का वेतन भुगतान कराया जाएगा। इस मौके पर आशीष वर्मा, विकास श्रीवास्तव, अनुग्रह, शक्ति भारद्वाज, डॉक्टर इकराम हुसैन, डॉक्टर सुरुचि गुप्ता, डीपीएम सुजीत कुमार, डीसीपीएम शिवकुमार, हिना, कुलसुम, बलराम, शिखा, अभिषेक, मसूद आलम, आसिफ, परवेज, रानी, छाया, नीरज, गोविंद आदि लोग मौजूद रहे।

# निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत चार दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

कानपुर । नरवल स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत चार दिवसीय ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इस दौरान डायट प्राचार्य एसएन सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाता प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के कुशल संचालन के लिए बारीकियों को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र को आगे बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020 में नई एजुकेशन पॉलिसी लांच की गई थी, जिसके अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव किए गए हैं




जिसके तहत निपुण भारत मिशन क्रियान्वयन का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि सभी वक्ताओं ने अपने सत्रों पर प्रतिभगियों के साथ चर्चा की। डायट वरिष्ठ प्रवक्ता नुजहत आयशा ने प्रशिक्षण में उपस्थित लोगों को निपुण भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि तत्पश्चात प्रशिक्षण के सभी सत्रों के साथ मिलकर आज का प्रशिक्षण का समापन हुआ। यह चार दिवसीय प्रशिक्षण है जो लगातर चार दिन तक चलेगा। इस मौके पर डायट प्रवक्ता अजीजुर्रहमान, राजेश यादव, सोनिया मल्होत्रा, अलका गुप्ता सहित पर्यवेक्षक मनोज गुप्ता एवं विद्याधर उपस्थित रहे।